ont>

Tittle: Need to release funds for setting up a High Power T.V. Transmission Centre at Radhanpur, Gujarat. − Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के राधानपुर में एक उच्च शक्ति क्षमता वाला टी.वी. सेंटर स्वीकृत हुआ था, परंतु अभी तक उसके लिए स्वीकृत राशि रूपए 9 करोड़ 56 लाख जारी नहीं हुए हैं, जिसके कारण यह कार्य अभी तक शुरू नहीं किया जा सका। राधानपुर के आसपास के इलाकों में पाकिस्तान के कार्यक्रम देखे जाते हैं और लोगों में भारत विरोधी भावना पैदा करने का प्रयास हो रहा है, जिसके कारण उत्तर गुजरात में भारत विरोधी गतिविधियों को बल मिलता है। कुछ अनुभव बताते हैं कि पाकिस्तान घुसपैठ एवं नशीले पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए यहां के लोगों को सचेत करने हेतु एवं उनमें जागरूकता लाने हेतु कई कदम उठाने होंगे, जिसमें टी.वी. सेंटर के प्रसारण से काफी सहायता मिलेगी जिसके कारण इस उच्च शक्ति क्षमता वाले टी.वी. सेंटर का होना अति आवश्यक है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि स्वीकृत उच्च शक्ति वाले राधानपुर टी.वी. सेंटर को शुरू करने के लिए रूपए 9 करोड़ 56 लाख स्वीकृत राशि शीघ्र जारी करें, जिससे उक्त कार्य को शुरू किया जा सके।